## सुविचार



हमारे कार्यों का परिमाण मायने नहीं रखता, बल्कि उनमें निहित प्रेम की मात्रा मायने रखती है।
- मदर टेरेसा


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, गुरुवार, 12 मार्च 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- अग्निवीर : पहले दिन 850 युवाओं ने लगाई दौड़, 550 सफल-II
- राशन : बरेली में 72227 व बदायूं में 96349 अपात्र -III
- हॉकी में खेलो इंडिया विजेता, फुटबॉल में स्टेडियम ए जीती-IV




| इफ्तार | सहरी |
| --- | --- |
| गुरुवार शाम | शुक्रवार सुबह |
| सुन्नी : 6:23 | सुन्नी : 5:03 |
| शिया : 6:31 | शिया : 4:54 |

# अजब गैस का गजब संकट... यहां ग्राहकों को ना, ब्लैकियों को हां

## होटल वालों को महंगे दामों पर मिल रही गैस, आमआदमी की बुकिंग हो रही कैंसिल, पेट्रोल पंप वालों ने भी रोका हाथ, वाहनों की टंकी फुल करने से इन्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में रसोई गैस मिलने में अभी कोई संकट नहीं है, बावजूद कालाबाजारी खूब हो रही है। गैस एजेंसियों से ही सिलेंडर 1500 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं की बुकिंग रद्द की जा रही है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। होटल व्यवसायी महंगे दामों में सिलेंडर खरीद रहे हैं। वहीं, आम आदमी को बिना गैस सिलेंडर के लौटना पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों और ठेले वाले भी इसकी चपेट में आने से प्रभावित हो रहे हैं। सिलेंडर के लिए उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। जबकि अफसरों का दावा है कि सबकुछ सामान्य है।

बुधवार को भी गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए भटकना पड़ा। किसी एजेंसी ने उनकी पहले की बुकिंग कैंसिल कर दी तो किसी ने सिलेंडर देने से ही इनकार कर दिया। लोग दिन भर एजेंसियों के बाहर जमे रहे। दाम बढ़ने से पहले की गई बुकिंग की डिलीवरी देने आए हॉकर ने बढ़े हुए दामों में सिलेंडर दिया। बढ़े हुए दाम न देने पर सिलेंडर देने से इनकार कर दिया। लोगों ने इसका विरोध किया लेकिन बाद में उन्हें सिलेंडर के लिए बढ़े हुए दाम चुकाने पड़े।

उधर पेट्रोल पंपों पर भी हालात सामान्य नहीं रहे। दोपहर आते आते पंप संचालकों ने भी मनमानी शुरू कर दी। उन्होंने बाइक और स्कूटी के टैंक फुल करने से इनकार कर दिया। अधिकतम 500 रुपये का तेल बाइक में डाला गया। बाइक व स्कूटी चलाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एक होटल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसने एजेंसी से 1500 रुपये में सिलेंडर खरीदा है। उसका कहना है कि एजेंसी की ओर से इसी दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। वह चार सिलेंडर लेकर आया है और आराम से मिल गए। बस उसे प्रति सिलेंडर 1500 रुपये देने पड़े। वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिले में गैस और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। कुछ लोग अफवाह फैलाकर इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**पीएनजी उपभोक्ताओं को डरने की जरूरत नहीं :** सीयूजीएल के अधिकारी ने बताया कि पीएनजी की कोई कमी नहीं है। गैस के कई सोर्स हमारे पास हैं। 50 हजार घरों तक हम पहुंच चुके हैं। आगे भी काम जारी है। हमारे उपभोक्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है। लगातार गैस की सप्लाई जारी है। आने वाले समय में भी कोई दिक्कत नहीं होगी।



ईसाइयों की पुलिया के पास घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार



ईसाइयों की पुलिया के पास एजेंसी की गाड़ी से उतरते सिलेंडर। ● अमृत विचार



सिंधू नगर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने को बुकिंग पर्ची के लिए जुटी ग्राहकों की भीड़। ● अमृत विचार

### व्यावसायिक सिलेंडरों पर भी संकट, होटल-रेस्टोरेंट में हुई कमी

बरेली, अमृत विचार : जिले में व्यावसायिक सिलेंडरों को लेकर संकट का बादल खड़ा हो गया है। होटल और रेस्टोरेंटों में व्यावसायिक सिलेंडरों की खेप नहीं पहुंच पा रही है। जबकि, कुछ एजेंसी संचालक इसे ब्लैक में कुछ अतिरिक्त रुपये लेकर सप्लाई करा रहे हैं। पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध के कारण व्यावसायिक गैस सिलेंडरों पर संकट खड़ा हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने सात मार्च को घरेलू सिलेंडर की कीमत में 60 और व्यावसायिक की कीमत में 115 रुपये की बढ़ोतरी की थी। साथ ही, बुकिंग में 25 दिन का नियम लागू कर दिया था। नए नियम के तहत अब एक बार घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद दूसरी गैस सिलेंडर की रिफिल के लिए बुकिंग 25 दिन बाद ही होगी। होटल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनुज सक्सेना ने कहा कि स्थानीय होटल और रेस्टोरेंट उद्योग के लिए यह गंभीर चिंता का विषय है। व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की किल्लत सीधे तौर पर इस सेक्टर के कामकाज और लागत को प्रभावित करती है। सिलेंडरों की उपलब्धता कम होने से दैनिक संचालन में भी बाधा आ रही है।

### जिले में पर्याप्त स्टॉक, एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं : डीएम



**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। पर्याप्त स्टॉक है। डीएम ने नागरिकों से कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। आईओसी, बीपीसी और एचपीसी के अधिकारियों ने भी जनपद में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध होने का दावा किया है। डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार सुबह करीब 10 बजे आईओसी, बीपीसी और एचपीसी व आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर एलपीजी गैस एवं पेट्रोल/ डीजल की किसी भी प्रकार की कमी न होने के संबंध में समीक्षा की। तीनों ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने डीएम को अवगत कराया कि जनपद में गैस सिलेंडर एवं पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है। भारत सरकार ने गैस सिलेंडर की रिफिल की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन की है। कालाबाजारी रोकने के लिए ओटीपी आधारित वितरण व्यवस्था लागू की गयी है। वहीं, मुख्यमंत्री ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए गैस एजेंसियों पर कड़ी निगरानी रखने, दैनिक स्टॉक की मॉनीटरिंग करने व क्षेत्र में भ्रमण कर जांच करने के लिए ऑयल कंपनियों के अधिकारियों व संबंधित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है। अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह, उपजिलाधिकारी तृप्ती, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह, आईओसी के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक हिमांशु शर्मा, मुकेश कुमार, हर्षित आर्या, स्वानिल सूर्यवंशी, रितेश जैन, एचपीसी के सुशील कुमार वर्मा, बीपीसी के कार्तिक कुमार, नितिन बिंदल, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गैस एजेंसी या गोदाम पर आने से बचें, हेल्पलाइन नंबर से बुकिंग कराएं

बरेली : जिला प्रशासन ने एलपीजी उपभोक्ताओं को जानकारी दी है कि गैस सिलेंडर रिफिल बुक कराने के लिए गैस एजेंसी या गोदाम पर आने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने घर से कॉल कर आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि अनावश्यक भीड़ से बचें और उपरोक्त माध्यमों से गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। एजेंसी या गोदाम पर आने से बचें, हेल्पलाइन नंबर से बुकिंग कराएं। बरेली : जिला प्रशासन ने एलपीजी उपभोक्ताओं को जानकारी दी है कि गैस सिलेंडर रिफिल बुक कराने के लिए गैस एजेंसी या गोदाम पर आने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने घर से कॉल कर आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि अनावश्यक भीड़ से बचें और उपरोक्त माध्यमों से गैस सिलेंडर की बुकिंग करें।

> गैस की कोई दिक्कत नहीं है। जिन्होंने पहले बुकिंग की है। उन्हें उसी दाम में सिलेंडर मिलना चाहिए, जो लोग अतिरिक्त रुपये ले रहे हैं। वे लोग गलत कर रहे हैं। वहीं कॉलेज, आर्मी, इमरजेंसी सेवा जहां जहां चालू होती हैं। वहां पर कमर्शियल सिलेंडर दिए जा रहे हैं। सिर्फ होटल और बैंक्वेट के लिए सिलेंडर न देने का आदेश है।
>
> -**अमन अग्रवाल**, हिंद गैस एजेंसी संचालक

### जिले में इतनी खपत

- 15 लाख लीटर प्रतिदिन जिले में पेट्रोल की खपत
- 22 हजार लीटर प्रतिदिन जिले में डीजल की खपत
- 50 हजार हैं जिले में सीएनजी के उपभोक्ता, खपत 30 हजार सीसीएम प्रति दिन
- 1067928 जिले में एलपीजी कनेक्शन
- 20 हजार सिलेंडर प्रति दिन की मांग

### थोड़ी देर के लिए बंद हुई थी आईओसी, बढ़ गया था लोड

डीएसओ मनीष कुमार ने बताया कि गैस बुकिंग के लिए आईओसी पर लोड बढ़ गया था। इसके चलते वह कुछ समय के लिए बंद हो गई थी। बाकी पूरे टाइम काम होता रहा। इसके साथ ही हमारे पास लगातार सप्लाई आ रही है। अभी 4-5 दिन का स्टाक हमारे पास है। किसी तरह से कोई परेशानी की जरूरत नहीं है। अगर किसी एजेंसी पर ओवर रेट लेते हुए कोई पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ये हैं हेल्पलाइन नंबर

भारत गैस - 7715012345 और 7718012345, इंडेन गैस- 7718955555, एचपी गैस- 8888823456। मिस्ड कॉल से बुकिंग के लिए भारत गैस -7710955555, इंडेन गैस- 8454955555 व एचपी गैस -9493602222 के नंबर पर कॉल कर बुकिंग कराएं।

### व्हाट्सएप, मोबाइल एप व ऑनलाइन ऐसे बुकिंग करें

भारत गैस- 1800224344, इंडेन गैस- 7588888824, एचपी गैस- 9222201122, मोबाइल एप से बुकिंग के लिए Bharatgas Hello BPCL, IndianOil ONE और HP PAY। इसके साथ ऑनलाइन माध्यम से पेटीएम, अमेजन, गूगल पे, फोनपे तथा संबंधित कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से भी बुकिंग की जा सकती है।

## सिटी ब्रीफ

### पुलिस पर हमले के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** पुलिस पर हमला करने के आरोपी थाना भुता के ग्राम म्यूड़ी खुर्द निवासी कमल पटेल, बिथरी चैनपुर थाना के फरीदापुर इनायत खां निवासी संजीव की जमानत अर्जी जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि 22 जनवरी की शाम एसओजी कार्यालय से पुलिस कर्मी अपराधी की तलाश में चेकिंग कर रहे थे। फरीदपुर इनायत गांव की तरफ इंतजार कर रहे थे, इसी बीच एक संदिग्ध पिकअप को रोका तो उसमें धर्मवीर, वारिस, सैफ आदि सवार थे। एक कार जिसमें 4-5 लोग आए और कहने लगे कि तुम कौन हो रोड पर गाड़ी कैसे रोक दी। जान से मारने की नियत से हमलावर हो गये।

### शादी का झांसा देकर संबंध बनाए

**बरेली/नवाबगंज,** अमृत विचार : थाना दियोरनियां क्षेत्र की एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। पीड़िता के अनुसार कस्बा नवाबगंज के युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी ने कई बार संबंध बनाए और अब शादी करने से मना कर रहा है।

## शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 से 6 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय की ओर से जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं सुबह 7 बजे।
- इंफिनिटी लाइफस्टाइल एग्जिबिशन होटल्स स्वर्ण टावर में सुबह 11 बजे।

# सुबह घना कोहरा, दृश्यता घटी, तापमान सामान्य



बुधवार सुबह स्टेडियम रोड पर कोहरा छाया नजर आया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अगले कुछ दिनों तापमान में रहेगा हल्का उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। शहर के कई इलाकों में दृश्यता कम हो गई। सिविल लाइंस, राजेंद्र नगर, किला, इज्जतनगर, डेलापीर और संजय नगर समेत कई कॉलोनियों में लोगों ने सुबह घने कोहरे का अनुभव किया।

मौसम विभाग के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मौसम में यह बदलाव कोहरे और हल्की धुंध के कारण हुआ है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान करीब 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य रहेगा, जबकि सुबह और देर रात के समय कोहरा बना रह सकता है। सुबह ठंडक और कोहरे के बीच कई लोगों ने गर्म कपड़े पहनकर सैर और दैनिक कामकाज की शुरुआत की। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले कुछ दिनों तक मौसम स्थिर रहने और बड़े बदलाव की संभावना कम है।

# चार साल के बच्चे में एईएस के लक्षण, सैंपल लखनऊ भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिले में चार साल के एक बच्चे में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के लक्षण मिलने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बच्चे का शहर के एक निजी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई गयी है।

आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) की टीम ने बच्चे का सैंपल लेकर जांच के लिए लखनऊ की लैब भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी की पुष्टि हो सकेगी। एडीएसआईसी प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास का कहना है कि निजी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से सूचना दी थी कि वहां भर्ती चार वर्षीय बच्चे में एईएस के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बच्चा बदायूं का रहने वाला है, कई दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही है। सूचना के बाद टीम ने अस्पताल पहुंचकर बच्चे की स्थिति जानी और जांच के लिए सैंपल एकत्र किया। उन्होंने बताया कि सैंपल को जांच के लिए लखनऊ भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला एईएस का है या नहीं।

# औद्योगिक गलियारा बसाने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने औद्योगिक गलियारा के लिए भूमि चिह्नित करने के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** आर्थिक रूप से बरेली को और मजबूत करने के साथ ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक गलियारा बसाने की कवायद तेज हो गयी है। एक हजार हेक्टेयर भूमि चिह्नित करने के लिए एसडीएम अपने अधीनस्थों के साथ जुटे हैं। यह भूमि निर्माणाधीन या प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर खोजी जा रही है, जहां से औद्योगिक गतिविधियां आसान से संचालित हो सकें। यूपीडा के महत्वपूर्ण परियोजना के संबंध में बुधवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर जल्द भूमि चिह्नित कराने के निर्देश दिए।

औद्योगिक गलियारा विकसित होने के जनपद एवं राज्य के शहरों में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे और लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होने के साथ निवेश को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी खुलेंगे। बुनियादी ढांचा (बिजली, पानी, सड़क) के साथ तैयार भूमि उपलब्ध होने से उद्योगों को स्थापित करने को बढ़ावा मिलेगा। डीएम अविनाश सिंह का कहना है कि यूपीडा की यह परियोजना जनपद एवं राज्य में निवेश को आकर्षित करेगी। ग्रामीण और पिछडे. क्षेत्रों में भी उद्योगों के आने से आर्थिक विकास होगा। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह के साथ जनपद में औद्योगिक गलियारा विकसित करने के संबंध में बैठक की। डीएम ने जिले के सभी उप जिलाधिकारी को पत्र जारी कर औद्योगिक गलियारा विकसित करने को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने बताया कि यूपीडा ने बरेली में औद्योगिक गलियारा (एकीकृत विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स) प्रस्तावित किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी का 9 जनवरी को पत्र मिला था। औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि क्रय व अर्जन की जानी है। भूमि ऐसी जगह होनी चाहिए, जिससे औद्योगिक क्षेत्र से आवागमन सुचारु रूप से संचालित हो सके। भूमि जलभराव या जलमग्न होने वाली न हो। इसके साथ नहर, हाईटेंशन लाइन आदि से भी दूर होनी चाहिए।

# फरीदपुर में 13 एकड़ में बनेगी उप मंडी, शासन को भेजा प्रस्ताव

दिग्विजय मिश्र, बरेली

- मंडी प्रशासन ने तैयार की योजना करोड़ों का प्राप्त होगा राजस्व
- सरकारी जमीन को चिह्नित कर पूरा लेआउट प्लान तैयार किया

**अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र व आस-पास के किसानों को अब जिले या कहीं दूर की मंडी में भटकना नहीं पड़ेगा। मंडी प्रशासन ने फरीदपुर में करीब 13 एकड़ जमीन पर नई उप मंडी स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। मंडी प्रशासन ने सरकारी जमीन को चिन्हित कर मंडी का पूरा लेआउट प्लान तैयार कर लिया है। मंडी में बनने वाली दुकानों से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

प्रस्ताव के अनुसार नई उप मंडी में किसानों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ दुकानें, प्लेटफॉर्म, नीलामी स्थल, कोल्ड स्टोरेज समेत गोदाम जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। मंडी प्रशासन का मानना है कि उप मंडी बनने से फरीदपुर और आसपास के गांवों के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए शहर की मुख्य मंडी तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे किसानों का समय और परिवहन खर्च दोनों बचेंगे। मौजूदा समय में किसानों को अपनी फसल लेकर शहर की मंडी में कई-कई घंटे तक इंतजार करना पड़ता है और कई बार रात में भी रुकना पड़ता है। नई उप मंडी बनने से किसानों को घर के पास ही अपनी उपज बेचने का बेहतर मंच मिल सकेगा और उन्हें फसलों का उचित मूल्य भी मिलने की उम्मीद है। मंडी प्रशासन ने जो प्रस्ताव तैयार किया है, उसमें मंडी परिसर के भीतर व्यापारियों के लिए दुकानों का निर्माण भी प्रस्तावित है। इन दुकानों के आवंटन से मंडी समिति को हर साल करोड़ों रुपये के राजस्व की प्राप्ति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। शासन से प्रस्ताव को हरी झंडी मिलते ही फरीदपुर क्षेत्र में कृषि व्यापार को नई गति मिलेगी और स्थानीय किसानों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

> फरीदपुर में करीब 13 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली है। प्लान तैयार कर शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है। मंजूरी मिलने के बाद मंडी के बुनियादी ढांचे का निर्माण कराया जाएगा। जिससे क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर सुविधा मिल सके।
>
> -**संतोष कुमार**, मंडी सचिव

# बवाल के तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** 26 सितंबर 2025 को जुमे के दिन शहर में हुए बवाल के मामले में आरोपी पुराना शहर, चक महमूद निवासी मो. नईम कुरैशी उर्फ लाली, मो. मोबीन, मो. फैजान की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि इस्लामिया कालेज जाने की जिद पर अड़ी भीड़ ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए पेट्रोल बम, पत्थर, तेजाब फेंका था। जिसमें कई पुलिस कर्मी घायल हो गये थे। कोतवाली पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक





डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडोल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# अग्निवीर : पहले दिन 850 युवाओं ने लगाई दौड़, 550 सफल

## टेक्निकल पद के लिए युवाओं ने झोंकी पूरी ताकत, कड़ी सुरक्षा रही, सफल अभ्यर्थियों का गुरुवार को कराया जाएगा मेडिकल परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में बुधवार को टेक्निकल पद के लिए 12 जनपदों से कुल 850 अभ्यर्थियों ने उम्मीदों की दौड़ लगाई। जिसमें से 550 अभ्यर्थी सफल हुए और कई कारणों से असफल रहे। सफल युवाओं को गुरुवार को मेडिकल परीक्षण समेत अन्य औपचारिकताओं के लिए बुलाया है।

सेना भर्ती कार्यालय बरेली के तहत आने वाले 12 जिलों हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, शाहजहांपुर और श्रावस्ती से युवाओं का आना मंगलवार शाम से शुरू हो गया। भर्ती रैली 11 से 23 मार्च तक चलेगी। पुलिस-प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग कई दिन से इसको लेकर तैयारियां कर रहे थे, लेकिन पहले दिन ही भर्ती में आने वाले युवाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।

भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। भर्ती में शामिल होने आए युवाओं के संबंधी जाट रेजिमेंट के बाहर पूरा दिन पेड़ों की छांव में डेरा डाल कर इंतजार करते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। जाट रेजिमेंट के बाहर भीड़ जमा नहीं होने दी गई। इसके लिए सुरक्षा चाक चौबंद रखा गया। शुक्रवार को भी 12 जिलों के युवाओं की भर्ती रैली होगी। इसके लिए कड़ी सुरक्षा की गई है।



जाट रेजिमेंट केंद्र पर दस्तावेज चेक कराते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



अग्निवीर भर्ती के लिए दौड़ में भाग लेते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### युवाओं को जाट रेजिमेंट तक पहुंचाने के लिए ई-बसों को भी लगाया

जंक्शन और बस अड्डों से भर्ती देखने आ रहे युवाओं को आसानी से जाट रेजिमेंट तक पहुंचने के लिए ई-बसों को भी लगाया गया है। आसपास के जिलों से तमाम युवा अपने साधनों से भी भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे। भर्ती के दौरान 23 अप्रैल तक नकटिया रोड वन-वे किया गया है। जिसे संचालित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी मुस्तैदी से तैयार दिखाई दी। इस बीच पीएसी और पुलिस लगातार सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पैनी नजर बनाए रखे।

# शिकंजा : छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला चालक लंगड़ाते हुए गया जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पेपर देने जा रही छात्रा से ऑटो में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बारादरी पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी लंगड़ाता नजर आया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस को आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बिथरी चैनपुर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने 9 मार्च को बारादरी थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी कक्षा 10 का पेपर देने के लिए माडल टाउन के एक इंटर कालेज में ऑटो से जा रही थी। आरोप है कि सुरेश शर्मा नगर और बजरंग ढाबे के बीच ऑटो चालक ने छात्रा से छेड़छाड़ की। बारादरी पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से ऑटो की पहचान की गई। पुलिस जांच में ऑटो मालिक से पूछताछ के बाद ऑटो चालक विशाल निवासी सैनिक कॉलोनी का नाम सामने आया। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार को पुलिस ने नागपंचमी ग्राउंड से आरोपी को तमंचे के साथ दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किराए पर ऑटो चलाता है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी चालक और बरामद तमंचा। ● अमृत विचार

- पेपर देनी जा रही छात्रा से चालक ने की थी छेड़खानी
- बारादरी पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को दबोचा

### पति से मारपीट कर महिला से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार** : एक युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। जबकि उसके पति के साथ मारपीट की। महिला ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग गया, लेकिन उसका मोबाइल फोन महिला के घर में ही रह गया। किला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि मंगलवार शाम 6 बजे ओम रस्तोगी नाम का लड़का उनके घर में घुस आया। उसने उनके पति के साथ मारपीट करके उसके साथ छेड़छाड़ की।

## ग्राम पंचायत सदस्य को एनकाउंटर की धमकी, जांच के आदेश


**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार**: अवैध निर्माण करने के लिए बुनियाद न खोदने देने पर आवेदक को फर्जी एनकाउंटर करने की धमकी देने के आरोपी प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट में एफआईआर दर्ज कराने की अर्जी पर सीजेएम सुरेश कुमार दुबे ने जिलाधिकारी को जांच कर 25 मार्च तक रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

थाना आंवला के मऊचन्दपुर निवासी इंद्र सिंह ग्राम पंचायत मेम्बर हैं। गांव में ग्रामसभा की भूमि के कुछ हिस्से पर अरविन्द सिंह चौहान व उसके पुत्र वरुण चौहान, अरुण चौहान गलत तरीके से इकरारनामा पक्का कटरा, आंवला निवासी के दो लोगों के नाम कर दिया। दबंगों की मदद से नाजायज रूप से कब्जा करके उस पर निर्माण कराने की कोशिश कर रहे हैं। वादी व गांव के तमाम लोगों ने जब प्रभारी निरीक्षक व उपजिलाधिकारी आंवला को प्रार्थना पत्र दिया कि ग्रामसभा की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराने से रोका जाए। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक व उपजिलाधिकारी ने सुनवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक आंवला व उप निरीक्षक, लेखपाल पर धमकी देने का आरोप लगाया।

# उमरा पर गए असजद मियां 14 को भारत लौटेंगे

**बरेली, अमृत विचार**: उमरा पर गए काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां के पुलिस हिरासत में लेने की खबर मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई, लेकिन बुधवार को जमात रजा ए मुस्तफा की तरफ से बयान आया है कि असजद मियां मदीने शरीफ में इबादत कर रहे हैं, वह अपने तय कार्यक्रम के अनुसार 14 मार्च को भारत लौटेंगे, संगठन की तरफ से प्रशासन से मांग की गई है कि अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए।

23-24 फरवरी को मुफ्ती असजद मियां उलमा की टीम के साथ उमरा के लिए सऊदी अरब गए हुए थे। उमरा के बाद कुछ जगहों पर उनके कार्यक्रम भी थे। बताया जा रहा कि भारतीय मूल के लोगों की ख्वाहिश और दरख्वास्त पर वह इन कार्यक्रमों का हिस्सा बने। सोमवार शाम रियाद शहर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम था। इसमें अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम आयोजन को लेकर पुलिस ने कुछ लोगों को डिटेन किया। इसमें बरेली के उलमा भी बताए जा रहे थे, इस खबर के बाद शहर और अन्य जिलों में रहने वाले उनके मुरीदों में हलचल मच गई। बुधवार को बरेली में इसको लेकर बैठक हुई, जिसमें जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने बताया कि हजरत मियां को गिरफ्तार करने वाली बात पूरी तरीके से अफवाह थी, उन्होंने कहा कि हजरत मदीने शरीफ में अभी इबादत कर रहे हैं। 14 मार्च को वह भारत लौट आएंगे, उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर ध्यान न दें। उन्होंने पुलिस प्रशासन से फर्जी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है।



- दरगाह की ओर से आया बयान रियाद में इफ्तार के दौरान भीड़ जमा होने से फैली थी अफवाह

## बिना जांच कराए शहर में आया ओवरलोड ट्रक पकड़ा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने ओवरलोड रेता से भरा ट्रक पकड़ लिया। मामले में खनन अधिकारी ने चालक और वाहन मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खनन अधिकारी मनीष कुमार के अनुसार मंगलवार रात 2 बजे वह टीम के साथ अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक ट्रक में ओवरलोड रेता 36 घन मीटर लदा था। जिसको रोक कर चेक किया गया। आईएसटीपी नहीं पाया गया। जिसके बाद ट्रक को सुभाषनगर थाने में दाखिल करा दिया गया। वाहन चालक फिरोज अली से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बरेली नैनीताल मार्ग बहेड़ी टोल पर उत्तराखंड से आने वाले रेता, बजरी, गिट्टी की जांच के लिए टीम लगी थी। लेकिन वह बिना चेक कराए ही निकल आया। जांच न कराने की वजह पूछी तो चालक ने बताया कि वाहन मालिक ने कहा था कि बिना जांच कराए ही निकल जाना। खनन अधिकारी ने बताया कि वाहन मालिक और चालक ने बिना जांच कराए आने से सरकारी राजस्व की क्षति की है।

# पाइपों में लगी भीषण आग, मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: सुभाष नगर क्षेत्र में बुधवार शाम खाली पड़े प्लाट में रखे पाइप में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाया। हालांकि आग की चपेट में आकर एक ट्रैक्टर जल गया।

अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि शाम करीब 6:00 बजे सुभाष नगर क्षेत्र के प्रगति नगर में आग लगने की सूचना मिली।टीम दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। वहां एक प्लांट में प्लास्टिक के पाइप और ट्रैक्टर में आग लगी थी। टीम ने तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया। बताते हैं कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल परियोजना के लिए पाइप डालने के लिए आए थे। सुभाष नगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



आग की उठती लपटें व मौजूद लोग।

- आग की चपेट में आकर ट्रैक्टर जला, दमकल ने बुझाई आग


# ऑनलाइन मोबाइल डिलीवर करने वाली कंपनी को लगाई 23 लाख रुपये की चपत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ऑनलाइन मोबाइल डिलीवर करने वाली कंपनी को जालसाजों ने 23 लाख रुपये की चपत लगा दी। नए मोबाइल के बदले में लिए जाने वाले ओरिजनल पुराने मोबाइल की जगह जालसाजों ने एक ही माडल के नकली मोबाइल फोन एक्सचेंज में दे दिये। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर ली है।

उत्तराखंड के जिला बागेश्वर निवासी खड़क सिंह ने बताया कि वह मौजूदा समय में इज्जतनगर थाना क्षेत्र के कैलाशपुरम डेलापीर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि इंस्ट्रकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में हव इंचार्ज हैं। बताया कि कंपनी शहर की विभिन्न ई-कामर्स कंपनियों के ग्राहकों की ओर से आर्डर किए गए सामान की डिलीवरी अपने डिलीवरी कर्मचारियों के माध्यम से कराती है। ई-कामर्स प्लेटफार्म की मोबाइल एक्सचेंज पालिसी के तहत ग्राहकों से नए मोबाइल की डिलीवरी के समय पुराना ओरिजिनल मोबाइल हैंडसेट डिलीवरी मैन द्वारा जांच कर लिया जाता है। आरोप है कि फर्जी ग्राहकों की ओर से सुनियोजित तरीके से उनके डिलीवरी कर्मचारियों को धोखे में लेकर एक ही माडल के नकली असेंबल किए गए मोबाइल फोन एक्सचेंज में दे दिए। जबकि वास्तविक एवं ओरिजनल मोबाइल अपने पास रख लिए। ऐसे में कंपनी और उनके कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी की गई।

जांच में सामने आया कि जो नाम पते बताए थे, वो फर्जी थे। यह धोखाधड़ी 8 से 10 दिसंबर के बीच की गई। जिसमें कंपनी को 23 लाख 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल, इज्जतनगर पुलिस ने पवन चौकसे और अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





- एक ही मॉडल के नकली असेंबल किए गए मोबाइल फोन एक्सचेंज में दिये, आरोपियों पर रिपोर्ट

# कंपनी ने बंद किया पेट्रोल पंप





पेट्रोल पंप को सील करने की कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : आमदनी कम और किराया ज्यादा होने के कारण एचपीसी के अफसरों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में एक पेट्रोल पंप को सील कर दिया। हालांकि कंपनी के अफसरों का कहना है कि पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया है। दूसरी जगह पर इसे खोला जा सकता है।

एचपीसी के सीनियर रीजनल मैनेजर देवानंद ने बताया कि उनके पास मालियों की पुलिया के पास एक साइड कंपनी पेट्रोल पंप था। उसकी लीज 1970 में खत्म हो गई थी। लगातार प्रयास किया जा रहा था कि किसी तरह से लीज हो जाए, लेकिन कई कारणों के चलते कंपनी की बात नहीं बन सकी। एटीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि पंप सील करने की कार्रवाई आईओसी की ओर से की गई। प्रशासन ने फिलहाल इस पंप की एनओसी निरस्त कर दी है।

- कंपनी को हर माह हो रहा था नुकसान, लाइसेंस नहीं किया निरस्त

## स्मैक बेचने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी पुलिस ने एक महिला तस्कर को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे कोर्ट भेज दिया गया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस टीम मंगलवार रात चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने गुलजार नगर पीली मिट्टी के पास से एक महिला को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम तारा पत्नी सलीम निवासी सूफी टोला बताया। महिला के पास से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। महिला ने बताया कि उसका दामाद फतेहगंज पश्चिम से स्मैक लाकर देता था। वह फुटकर में स्मैक को बेचती थी।

# दरगाह आला हजरत पर मौला अली की याद में सजाई महफिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : 21 वें रमजान के मौके पर पैगम्बर-ए-इस्लाम के दामाद हजरत मौला अली की याद में बुधवार को दरगाह आला हजरत स्थित सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी के निवास पर दरगाह सरपरस्त मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती में महफिल के साथ मौला अली का दस्तरख़्वान सजाया गया। महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ। नात-ओ-मनकबत का नजराना पेश किया।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मौला अली को खिराज पेश करते हुए कहा कि आपकी शहादत 21 रमजान 40 हिजरी को हुई। मौला अली इल्म, बहादुरी और इंसाफ की मिसाल थे। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि रोजा इफ्तार से पहले फातिहा व दुआ हुई। इसके बाद सभी ने एक ही दस्तरख़्वान पर दरगाह सरपरस्त व सज्जादानशीन के साथ इफ्तार किया। मुफ्ती जईम रजा, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना बशीर उल कादरी, मौलाना अबरार उल हक, शाहिद नूरी, मंजूर रजा, औरंगजेब नूरी, मुजाहिद रजा, परवेज नूरी, अजमल नूरी, हाजी जावेद खान, ताहिर अल्वी, तारिक सईद, अब्दुल माजिद खान, शान रजा, इशरत नूरी, युनुस गद्दी, इरशाद रजा, खालिद नूरी आदि शामिल रहे।



सामूहिक रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ● अमृत विचार

- शाम को हुआ सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

### दरगाह शाह शराफत मियां पर भी हुआ कार्यक्रम

21वें रमजान को हजरत मौला अली की याद में शाहबाद स्थित दरगाह शराफत मियां पर फातिहा ख्वानी व इफ्तार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ। असर की नमाज के बाद शाम 5 :30 बजे हजरत मौला अली की बारगाह में फातिहा ख्वानी की गई। दरगाह शरीफ के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां हुजूर ने फातिहा पढ़ी। हाफिज गुलाम गौस, सादकैन सकलैनी, मौलाना रुमान सकलैनी, मुर्तुजा सकलैनी आदि मौजूद रहे। मगरिब की अजान के साथ रोजेदारों के लिए सामूहिक इफ्तार का इंतजाम किया गया।

### महफिल-ए-समा का आयोजन

सिविल लाइन की दरगाह नासिर मियां मस्जिद नौमहला शरीफ स्थित प्रसिद्ध सूफी दरगाह के सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासरी की सरपरस्ती में हजरत मौला अली की शहादत की याद में महफिल-ए-समा आयोजित हुई, जिसमें फनकारों ने हजरत अली की शान में मनकबत, नात, सूफियाना कलाम पेश किये। दरगाह प्रवक्ता पम्मी खां वारसी ने बताया कि असर मगरिब बीच कुल शरीफ की नजर पेश करके दुआएं मांगीं। दरगाह नासिर मियां चिश्ती-साबरी सिलसिले से जुड़ी है। सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया।फहीम यार खां, सरबत अली सुल्तानी,आसिम कुरैशी, फाजिल खान,साबिर सुल्तानी, वसीम मियां साबरी, शाने अली कमाल मियां नासरी साबरी, सलीम साबरी आदि मौजूद रहे।

# सीआईसी : अब यहीं बनेगा शुद्ध पनीर, रबड़ी-पास्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मशीनों का ट्रायल पूरा, जल्द शुरू होगा उत्पादन
- किसानों और लघु उद्यमियों को न्यूनतम शुल्क पर मिलेगी प्रोसेसिंग सुविधा

**अमृत विचार:** शहर में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सौ फुटा रोड पर स्थापित कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर (सीआईसी) में जल्द दूध, टमाटर और बेकरी उत्पादों का उत्पादन शुरू होने जा रहा है। यहां लगी अत्याधुनिक मशीनों का सफल ट्रायल हो गया है। स्टाफ को तैनात करने की प्रक्रिया चल रही है। उत्पादन शुरू होने के बाद बाजार में शुद्ध खाद्य उत्पाद उपलब्ध मिलने शुरू हो जाएंगे।


कॉमन इनक्यूबेशन सेंटर में मशीनें स्थापित हो गई हैं। ● अमृत विचार

कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर में दूध प्रोसेसिंग, बेकरी और टमाटर प्रोसेसिंग की तीन अलग-अलग यूनिट स्थापित की गई हैं। दूध प्रोसेसिंग यूनिट में दूध की गुणवत्ता की पहले जांच की जाएगी। इसके बाद उससे पनीर, खोया, रबड़ी, पेड़ा, बर्फी और छाछ जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। बेकरी यूनिट में ब्रेड, टोस्ट, कुकीज, पास्ता का उत्पादन होगा। तीसरी यूनिट फलों-सब्जियों की प्रोसेसिंग के साथ टमाटर सॉस, प्यूरी, जैम, जेली और जूस तैयार किए जा सकेंगे। राष्ट्रीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी प्रधानाचार्य अंशिल सिंहा ने बताया कि ये तीनों प्रोसेसिंग यूनिट सेंटरों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत विकसित किया जा रहा है। इसके लिए कार्यदायी संस्था गिली ग्रफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियरों ने मशीनों का ट्रायल किया। अब कंपनी ऑपरेटर और तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया में जुटी है। शुरुआती चरण में कंपनी अपने उत्पाद तैयार करेगी, इसके बाद मशीनों के संचालन की लागत के आधार पर किसानों और लघु उद्यमियों के लिए प्रोसेसिंग शुल्क तय किया जाएगा।

# जिले में 1 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए

- 95 हजार से अधिक मीटर प्रीपेड सिस्टम में बदले

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक जिले में एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिसके तहत उपभोक्ताओं को अब रिचार्ज कराने के बाद ही बिजली मिलेगी।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि जिले में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। जिले में अब तक 1 लाख 5 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। 95 हजार 960 मीटर ऑटोमेटिक प्रीपेड सिस्टम में बदले जा चुके हैं। अब उपभोक्ता उतनी ही बिजली इस्तेमाल करेंगे, जितनी के लिए वे पहले से भुगतान करेंगे। चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश का कहना है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना है।

## सिटी ब्रीफ

### पुरुलिया स्टेशन से चलनी वाली ट्रेन का बरेली में भी ठहराव

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्टेशन से आनंद विहार के बीच चलने वाले नई ट्रेन का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मार्च को पश्चिम बंगाल में देश को कई सौगात देंगे। इसी क्रम में रेलवे से जुड़े कई परियोजनाओं का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। जिसमें पुरुलिया से आनंद विहार दिल्ली के नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन पुरुलिया से शुरू होकर, रामगढ़, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी। ट्रेन सेवा पश्चिम बंगाल, झारखंड, यूपी के लोगों के लिए दिल्ली से सीधी कनेक्टिविटी देगी।

### दीवान कनवाल के निधन पर जताया शोक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड के लोकगायक दीवान कनवाल के आकस्मिक निधन से उत्तराखंड के लोक संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह देवलिया ने कहा कि उनका सरल और मिलनसार स्वभाव सभी को अपना बना लेता था। सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि कुमाऊंनी भाषा की पहली फीचर फिल्म मेघा आ में उनके गीतों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। उमेश बिनवाल के अनुसार वे आकाशवाणी नजीबाबाद से बी ग्रेड और अल्मोड़ा से बी हाई ग्रेड के कलाकार रहे। फिल्म निर्देशक देवेन्द्र रावत और निर्माता-निर्देशक अशोक उप्रेती ने उनके निधन को सांस्कृतिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया।

### सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल हुए विधायक

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार में भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी ने शिरकत कर रोजेदारों के साथ रोजा खोला। अंजुमन इस्लाहुल मुसलमीन संस्था के अध्यक्ष मो. असलम अंसारी के आवास पर हुए कार्यक्रम में मगरिब की अजान के साथ रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। इमाम मो. हाशिम रजा, हसीब सिद्दकी, सलीम लादेन आदि मौजूद रहे।

# राशन : बरेली में 72227 व बदायूं में 96349 अपात्र

## आंवला सांसद ने लोकसभा में पूछा सवाल, जवाब से अपात्रों का खुलासा

**बरेली, अमृत विचार :** सपा के आंवला सांसद नीरज मौर्य की ओर से लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में राशन व्यवस्था में अपात्र लाभार्थियों का खुलासा हुआ है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बरेली व बदायूं जनपद में बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थियों की पहचान की गई है, जिनमें से हजारों को सूची से हटाया दिया है। वर्तमान में बरेली में 72227 तो बदायूं में 60233 अपात्र लाभार्थी चिह्नित बताए गए हैं।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से सदन में दिए उत्तर में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्डधारकों की समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में फर्जी अथवा अपात्र लाभार्थी चिह्नित किए गए हैं। सांसद नीरज मौर्य ने बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर आदि जिलों में अंत्योदय अन्न योजना, प्राथमिकता श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत राशन कार्डधारक, अपात्र लाभार्थियों और उनके विरुद्ध की गयी कार्रवाई व सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर सवाल उठाया था। मंत्री के उत्तर से यह भी सामने आया है कि अकेले बरेली में ही 127725 अपात्र लाभार्थी चिह्नित किए गए थे, जिनमें से 55498 को हटाया गया है। बदायूं में 96349 अपात्र लाभार्थियों की पहचान हुई, जिसमें से 36116 को सूची से बाहर किया गया है। सांसद नीरज मौर्य का कहना है कि यदि बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थी वर्षों तक राशन प्रणाली का लाभ लेते रहे तो यह वितरण व्यवस्था की निगरानी और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कहा कि जरूरतमंद परिवारों तक अनाज पहुंचाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी को और मजबूत करना होगा। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके। सांसद ने बताया कि मेरे प्रश्न का मूल बिंदु सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर था। उत्तर में कहा गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत जनप्रतिनिधियों की सीधी और औपचारिक भूमिका के संबंध में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है।

**अपात्रों की जिला बार संख्या**

| जनपद | चिह्नित लाभार्थी | हटाए गए लाभार्थी |
|---|---|---|
| बरेली | 127725 | 55498 |
| बदायूं | 96349 | 36116 |
| शाहजहांपुर | 55791 | 21250 |
| कासगंज | 42625 | 27854 |
| जौनपुर | 119478 | 36789 |
| एटा | 50207 | 34492 |

# एसआईआर का काम न करने पर बीएलओ पर रिपोर्ट

- सुपरवाइजर ने फोन नहीं उठाने और रिकार्ड गायब करने का आरोप लगाया

**बरेली, अमृत विचार:** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही के आरोप में एक बीएलओ के खिलाफ थाना किला में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि संबंधित बीएलओ लंबे समय से फोन रिसीव नहीं कर रहे थे और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिए गए कार्यों को भी पूरा नहीं कर रहे थे। एसआईआर अभियान के सुपरवाइजर किशन स्वराज ने बताया कि बीएलओ रमेश भाग संख्या 242 लगातार फोन कॉल रिसीव नहीं कर रहे हैं। न ही एसआईआर का काम कर रहे हैं। बीएलओ के पास 61 नोटिस नो मैपिंग एवं 140 नोटिस लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के मैप किए जाने के लिए बचे हैं, लेकिन बीएलओ सभी रिकार्ड गायब किए हुए हैं। किला पुलिस ने बीएलओ रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किला जामा मस्जिद में 1.30 बजे होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 13 को अलविदा, 19 को चांद नहीं दिखा तो 20 को फिर होगी अलविदा की नमाज
- दरगाह आला हजरत में साढ़े तीन बजे होगी नमाज, समय सारणी जारी

**अमृत विचार:** रमजान का आखिरी जुमा जुमा-तुल-विदा (अलविदा) कहलाता है। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि 13 मार्च को अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। 19 मार्च को ईद का चांद नजर आ जाता है तो ईद उल फितर का त्योहार 20 मार्च को मनाया जाएगा, अगर चांद नजर नहीं आया तो 20 मार्च को रमजान का आखिरी जुमा मानकर अलविदा की नमाज अदा की जाएगी।

शहर से लेकर देहात तक की मस्जिदों में अलविदा की नमाज की तैयारी शुरु हो चुकी है। सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों के जिम्मेदारों (प्रबंधकों) ने नमाज तयशुदा समय पर अदा करने का ऐलान कर दिया। मुख्य नमाज किला की जामा मस्जिद में दोपहर 1.30 बजे अदा की जाएगी। हालांकि दोपहर 12.45 से 3.30 बजे तक नमाज अदा करने का सिलसिला चलेगा। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में साढ़े तीन बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। 12.45 बजे खानकाह-ए-वामिकिया,



जसोली की पीराशाह मस्जिद, बालजती की गुरुड़ वाली मस्जिद, पशुपति बिहार मस्जिद, कैंट की मस्जिद हाथी खाना, लीची बाग की फैजाने मदीना मस्जिद में अलविदा की नमाज होगी।

दोपहर 1 बजे दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां बाजार संदल खान, आजम नगर की हरी मस्जिद, रोहली टोला की अब्बासियान मस्जिद, चौकी चौराहा वाली मस्जिद, कोतवाली की मोती मस्जिद, सिविल लाइंस की आवास विकास मस्जिद, सैलानी रजा चौक की बारादरी मस्जिद, काजी टोला मस्जिद, कुतुबखाने की जहानी मस्जिद, बिहारीपुर की कंजे तले वाली मस्जिद, बड़ा बाजार की हरी मस्जिद, मलूकपुर की लाल मस्जिद में अलविदा की नमाज होगी। 1.15 बजे फूलवालान की नूरजहां मस्जिद, कटघर की हरे मीनार वाली मस्जिद, 1.30 दरगाह बशीर मियां, कचहरी वाली मस्जिद, काकरटोला की छह मीनारा मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद, स्वाले नगर की एक मीनार मस्जिद, स्टेडियम रोड शाहदाना मुस्तफाई मस्जिद, 1.45 बजे घेर जाफरखान की मिर्जाई मस्जिद, रेलवे जंक्शन की नूरी मस्जिद, कुतुबखाने वाली मस्जिद, लोधी टोला की गौसिया मस्जिद में 1:45 बजे अलविदा की नमाज होगी। दोपहर 2 बजे दरगाह ताजुशशरिया, दरगाह शाहदाना वली मस्जिद, बिहारीपुर को बीबी जी मस्जिद, सैलानी की हबीबिया रजविया मस्जिद में अलविदा की नमाज होगी। 2.45 बजे गढ़या की नूरी मस्जिद, 3 बजे खन्नू मोहल्ला की दादा मियां मस्जिद, 3.15 बजे बुखारपुरा की बुद्ध वाली मस्जिद, कटरा मानराय की यतीमखाना मस्जिद और सबसे अंत में 3.30 बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद, खानकाह-ए-नियाजिया, काकरटोला की नूरानी मस्जिद में अलविदा की नमाज होगी।

# मीरगंज में नहल नदी को पुनर्जीवित करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक जिला एक नदी प्रोजेक्ट के तहत नदी का किया चयन
- वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अफसरों में कार्य योजना प्रस्तुत की

**अमृत विचार :** शासन के आदेश पर जिले में एक नदी के पुनरुद्धार के लिए नहल नदी का चयन किया गया है। बुधवार को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अधिकारियों ने नहल नदी की कार्य योजना प्रस्तुत की तो शासन ने भी कार्य जल्द आरंभ करने के लिए हरी झंडी दी। जिससे मीरगंज ब्लॉक स्थित नहल नदी में भी धारा का प्रवाह तेज होगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नहल नदी रामपुर से होकर यहां पहुंचती हैं। मीरगंज के नौसाना, कुल्छा खुर्द, मनकरा, सिलरापुर और कमरिया सानी गांव से सटी ये नदी कई दशक पुरानी है। 11785 मीटर औसतन लंबाई की ये नदी के चारों ओर अतिक्रमण, अवैध कब्जा से लेकर तमाम अवरोध हैं। लेकिन अब मिशन के तहत इस नदी के पुनर्जीवित करने के लिए करीब 50 लाख से भी अधिक के बजट से इसका सौंदर्यीकरण से लेकर धारा प्रवाह की सुगमता को लेकर वृहद रूप से कार्य कराए जाएंगे।

इस नदी के पुनरुद्धार होने से खेतों की सिंचाई के साथ ही भू-गर्भ जलस्तर में भी काफी साकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। डीसी मनरेगा मोहम्मद हबीब अंसारी ने बताया कि एक जिला एक नहर प्रोजेक्ट के तहत नहल नदी को पुनरुद्धार के लिए चयनित कर लिया गया है।

जल्द कार्य आरंभ हो सकेगा। इसके लिए कार्य योजना भी तैयार कर ली गई है। वहीं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भी इस योजना को पेश कर दिया गया है।

# टेट के विरोध के लिए 4 अप्रैल को दिल्ली में रैली

**बरेली, अमृत विचार:** टेट अनिवार्यता के विरोध में देशभर के शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली में विराट रैली करेंगे। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में एकत्र होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने बताया कि लाखों शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व पर भरोसा है। कहा कि बरेली समेत प्रदेश के हजारों शिक्षक चार अप्रैल की रैली ऐतिहासिक बनाने के लिए दिल्ली जाएंगे। विभिन्न राज्यों से शिक्षक मांगों को मजबूती से उठाएंगे। उनका कहना है कि इससे पहले तीन बार रामलीला मैदान में रैली के लिए अनुमति मांगी गई, लेकिन नहीं मिली। इस बार उनके संगठन के साथ देश के अन्य संगठन भी जुड़कर दिल्ली में रैली में शामिल होकर टेट के विरोध में हुंकार भरेंगे।

# जिला महिला अस्पताल में लगेगा सर्वाइकल कैंसर रोधी पहला टीका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए जिले में जल्द एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत पहला टीका जिला महिला अस्पताल में लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ब्लॉक और नगरीय स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण बेहद जरूरी है। यह विशेष अभियान अगले तीन माह तक जिले के 27 कोल्ड चेन प्वाइंट पर संचालित किया जाएगा। इनमें दो मेडिकल कॉलेज, जिला महिला अस्पताल, आठ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) और 16 सामुदायिक


जिला अस्पताल में अफसरों के साथ बैठक करते सीएमओ। ● अमृत विचार

- जिले में 50 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य तय
- गार्डसिल वैक्सीन की 13,830 डोज उपलब्ध कराई गईं

स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शामिल हैं। अभियान के दौरान सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद नियमित टीकाकरण के तहत बुधवार और शनिवार को वैक्सीन लगाई जाएगी।

टीका लगवाने के लिए पात्र किशोरियों को गार्डसिल की सिंगल डोज वैक्सीन दी जाएगी, जो एचपीवी के चार प्रकार के स्ट्रेन 06, 11, 16 और 18 के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। शासन की ओर से जिले को गार्डसिल वैक्सीन की 13,830 डोज उपलब्ध कराई गई हैं। अभियान के तहत उन किशोरियों को पात्र माना जाएगा जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं हुई है। जिले में करीब 50 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन अब तक 165 देशों में 50 करोड़ से अधिक लोगों को लगाई जा चुकी है। भारत में यह अभियान शुरू होने के साथ देश दुनिया का 166 वां देश बन जाएगा। जहां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीकाकरण किया जाएगा।

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने ली सिगरेट नहीं पीने की शपथ

- नो स्मोकिंग डे पर तंबाकू से दूर रहने का दिया संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बुधवार को नो स्मोकिंग डे पर डॉक्टरों और कर्मचारियों ने धूम्रपान व तंबाकू से दूर रहने की शपथ ली। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

सीएमओ कार्यालय में डॉ. विश्राम सिंह ने कार्यालय के कर्मचारियों को तंबाकू और धूम्रपान का सेवन न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान से कई गंभीर बीमारियां होती हैं, इसलिए इससे दूर रहना जरूरी है।

एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित के कार्यालय में भी अस्पताल के कई डॉक्टर और कर्मचारियों ने नशा न करने की शपथ ली। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के. भवन प्रसाद भी उपस्थित रहे। तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार, नोडल अधिकारी अजय पाल सिंह, डॉ. प्रशांत रंजन, डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. नीरज, डॉ. नेहा राय, सूरज कुमार, शीलू गुप्ता, रोहित, विनीत, इंद्रपाल गंगवार, धर्मेंद्र कुमार, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।



एडीएसआईसी कार्यालय में नशा न करने की शपथ लेते डॉक्टर और स्टाफ।

# अंजना दहिया बनीं प्रभारी निरीक्षक

**बरेली/ मीरगंज, अमृत विचार:** कोतवाली में 2024 बैच की आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया ने प्रभारी (परिवीक्षाधीन) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्हें प्रशिक्षण अवधि के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी बता दें कि आईपीएस अंजना दहिया ने साल 2023 यूपीएससी की परीक्षा में 134वीं रैंक हासिल की थी। दिसंबर 2025 में उन्हें जिले में तैनात किया गया। अंजना हरियाणा के रोहतक की रहने वाली हैं, उनके पिता मेजर जनरल पीएस दहिया हैं जोकि एक सम्मानित सेना अधिकारी हैं। उनके दादा मेजर आनंद सिंह दहिया भी भारतीय सेना में थे।

# भाकियू लोक शक्ति का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन


कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने पहुंचे पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए किसानों की पांच मांगों को निस्तारित करने की मांग रखी। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने, खेत में उपयोग होने वाली खाद, बीज और दवाइयों की कीमतें कम करने, सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी व बिजली की सुविधा दिलाने और कई स्थानों पर फसलों की सरकारी खरीद समय पर कराने और छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष नंद किशोर, मंडल अध्यक्ष रनवीर सिंह फौजी, साहिल पटेल, हरि शंकर आदि शामिल रहे।



सिटी ब्रीफ

### वैवाहिक परिचय सम्मेलन में पंजीकरण की अंतिम तिथि 14

**बरेली, अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वावधान में आगामी 17-18 मार्च को आयोजित होने वाले अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में बुधवार को आलमगिरीगंज स्थित शांति कुटीर धर्मशाला में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के काफी संख्या में पंजीकरण हुए हैं, जो आवेदक अभी तक पंजीकरण नहीं करा सके हैं, वे 14 मार्च तक अपना आवेदन कार्यालय अथवा पदाधिकारियों को तत्काल उपलब्ध करवा दें। ताकि उनका विवरण भी वैवाहिक पत्रिका में प्रकाशित कराया जा सके। बैठक में समारोह की प्रगति पर चर्चा की गयी। संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, पराग अग्रवाल, डा. आरती गुप्ता, देवेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, कमल गोयल, विजय गोयल, पीयूष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक बुधवार को प्राचार्य कार्यालय में हुई। समिति की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद मूल्यांकन के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति, पुस्तकालय के ऑटोमेशन तथा महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नवाचारों तथा पिछले नैक मूल्यांकन के दौरान दिए गए सुझावों पर किए गए कार्यों और उनकी प्रगति का भी आकलन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बरेली कॉलेज के आईक्यूएसी का विस्तार कर इसे निर्धारित मानकों के अनुरूप पुनर्गठित किया जाएगा। प्रो. स्वदेश सिंह, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. रेनू चौधरी, प्रो. शिखा, प्रो. भारती डोगरा, प्रो. रविंद्र बंसल, प्रो. सदरे आलम, प्रो. शालिनी सिंह, प्रो. आलोक खरे, प्रो. अजय सिंह, प्रो. एसी त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### चित्रकला में तरुण ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के तरुण ने राज्य स्तर पर स्नातक वर्ग में कल के रंग-विकसित भारत के संग चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज की ओर से किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम आने पर उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25 हजार की नगद राशि, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रतियोगिता 25 सितंबर को जय नारायण इंटर कॉलेज में डॉ. राजेंद्र सिंह पुंडीर के संयोजन में हुई थी। राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद तरुण को उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के केंद्र निदेशक डॉ. सुदेश शर्मा और लोक गायक मोहन राठौर ने सम्मानित किया। तरुण ने सफलता का श्रेय पिता नरेश सिंह को दिया, जो स्वयं भी एक कुशल चित्रकार हैं। चित्रकार डॉ. अजय रघुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में बरेली के स्कूली वर्ग के दिव्यांश, अच्युत नेगी, कश्यप, मोहित कुमार और अंशिका अग्रवाल को भी पुरस्कृत किया गया। उत्कर्ष ललित कला अकादमी, कला भारती समिति और चित्रकार संघ बरेली ने सभी विजेताओं को बधाई दी है।

डीआईओएस दफ्तर के बाहर



कालीबाड़ी रोड



गर्मी ने दस्तक दे दी है, मगर अभी तक शहर में खराब हैंडपंपों की सुध नहीं ली गई है। पेयजल समस्या से राहगीरों को जूझना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी नगर निगम के जलकल विभाग ने इन हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई है।

फोटो एवं विवरण
● मोहित कुमार सिंह



शहामतगंज पुलिस चौकी के पास

### पढ़ाई के साथ रोजगार संगम पोर्टल पर अवश्य पंजीकरण कराएं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई-प्रथम की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने सुबह के सत्र में भाभा हर्बल पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। सेवायोजन कार्यालय के रोजगार विशेषज्ञ अनिल पाठक ने विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करना चाहिए, जिससे देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बरेली मंडल के 137 से अधिक युवा इस पोर्टल के माध्यम से विदेशों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने स्वयंसेवकों को सूचनाओं के महत्व पर बल दिया।

## सही वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता भी युवाओं के लिए जरूरी : रचित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान देते वक्ता व मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों को धन प्रबंधन, बचत, निवेश तथा वित्तीय योजनाओं के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य वक्ता रचित दीक्षित ने विद्यार्थियों को सरल और प्रभावी तरीके से वित्तीय साक्षरता के महत्व को समझाया। कहा, आज के समय में केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सही वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता भी युवाओं के लिए जरूरी है। छात्रों को बचत की आदत विकसित करने, बजट बनाने तथा भविष्य के लिए सही निवेश करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य

● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में वित्तीय साक्षरता पर हुआ जागरूकता व्याख्यान

डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्हें भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार करते हैं। असिस्टेंट प्रो. सुजाता कटियार, सुम्बुल खान, पूजा कटियार, स्वर्णिमा सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एवं समन्वय अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा ने किया।

## हॉकी में खेलो इंडिया विजेता, फुटबॉल में स्टेडियम ए जीती

### वेटलिफ्टिंग 40 किग्रा. भार वर्ग में चंद्रशेखर प्रथम, स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का बुधवार को शुभारंभ किया गया। पहले दिन बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, हॉकी और फुटबॉल के मैच खेले गए। फुटबॉल में स्पोर्ट्स हॉस्टल ए व हॉकी में खेलो इंडिया की टीम ने जीत दर्ज की।

वेटलिफ्टिंग बालक वर्ग के 40 किग्रा. भार वर्ग में चंद्रशेखर प्रथम, निखिल ने द्वितीय व मधुर ने तृतीय, 49 किलो ग्राम भार वर्ग में जितिन ने प्रथम, कर्तव्य ने द्वितीय व अनमोल ने तृतीय, 55 किलोग्राम भार वर्ग में अभिषेक ने प्रथम, अंकुर ने द्वितीय व त्रिभुवन ने तृतीय, 60 किग्रा. भार वर्ग में बृजेश ने प्रथम, बंश राठौर ने द्वितीय व अर्पित ने तृतीय, 67 किग्रा. भार वर्ग में आदित्य गौतम ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय व अराध्य सिंह ने तृतीय, 73 किग्रा. भार वर्ग में आयुष गुप्ता ने प्रथम, कार्तिक पाठक ने द्वितीय व युगांतर शर्मा ने तृतीय, 81 किग्रा. भार वर्ग में अनिरुद्ध पाल ने प्रथम, अरमान खान ने द्वितीय व प्रवीन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



प्रतिभागियों से जानकारी लेते कोच। ● अमृत विचार



फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम मैच झुमका सिटी फुटबाल क्लब व कैंट फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें झुमका फुटबाल क्लब ने 3-1 से जीत प्राप्त की। दूसरा मैच स्पोर्टस हास्टल बरेली ए व यूथ फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें स्पोर्टस हास्टल बरेली ए ने 3-0 से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल मैच स्पोर्टस हास्टल ए व स्पोर्टस हास्टल बी के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं, जिसके कारण ट्राईबेकर में स्पोर्टस हास्टल ए ने 5-4 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल मैच झुमका सिटी फुटबाल क्लब व स्पोर्टस स्टेडियम ट्रेनीज ए के मध्य खेला गया, जिसमें झुमका सिटी फुटबाल क्लब की टीम शानदार खेल के कारण 2-1 से विजेता बनी। फाइनल स्पोर्टस हास्टल टीम ए व झुमका सिटी फुटबाल क्लब के बीच हुआ, जिसमें स्पोर्टस हास्टल टीम ए ने 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं, हाकी बालक वर्ग का फाइनल खेलो इंडिया सेन्टर व स्टार क्लब के बीच हुआ। जिसमें खेलो इंडिया 3-0 से विजयी रही।

### प्रशिक्षु चयन परीक्षण आयोजित होगा

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के निर्देश पर सत्र 2026-27 के लिए कुश्ती व आर्चरी खेलों में प्रशिक्षुओं के चयन के लिए विभिन्न अखाड़ों में चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। 15 मार्च को शहीद बच्चन सिंह अखाड़ा मुजफ्फरनगर और आर्य व्यायामशाला छपरौली बागपत में, 16 मार्च को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर मुजफ्फरनगर तथा गुरुकुल आर्चरी संस्थान मेरठ में, जबकि 17 मार्च को चौधरी महावीर सिंह अखाड़ा लोनी गाजियाबाद में ट्रायल होंगे। 12 से 18 वर्ष आयु के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को बीमा, वजीफा, खेल पोशाक और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खर्च की प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## नई खोजों की सुरक्षा के लिए आईपीआर अत्यंत महत्वपूर्ण : डॉ. उत्कर्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज में आईपीआर पर व्याख्यान का आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद वक्ता व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) विषय पर बुधवार को जागरूकता व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इनक्यूबेशन सेंटर से आए डॉ. उत्कर्ष व मीनल ने विद्यार्थियों को पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन जैसे विभिन्न आईपीआर के पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि शोध, नवाचार और नई खोजों की सुरक्षा के लिए आईपीआर अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों और आविष्कारों को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया। फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि आज के समय में ज्ञान और नवाचार ही वास्तविक संपत्ति हैं। कहा कि यदि कोई भी छात्र नया विचार, शोध या आविष्कार करता है तो उसे उचित रूप से पंजीकृत कराकर उसकी बौद्धिक संपदा की रक्षा करनी चाहिए। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को शुभकामनाएं दीं। कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार और अनुसंधान की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अनमोल शर्मा ने किया। अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा, सहायक प्रोफेसर महिमा तिवारी, सुजाता कटियार, पूजा कटियार, स्वर्णिमा सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रामत्व से पशुता भी बन सकती है मानवता

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री रामालय में आयोजित श्रीरामचरितमानस कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास पंडित देवेन्द्र उपाध्याय ने रामत्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



देवेन्द्र उपाध्याय।

उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस का मूल संदेश राम के आदर्श और रावण के अहंकार के बीच अंतर को समझना है।

उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम के रामत्व से पशुता भी मानवता में परिवर्तित हो जाती है, जबकि रावण जैसा विद्वान और महादेव का उपासक भी अहंकार के कारण पतन की ओर चला जाता है। कथा व्यास ने कहा कि राम की सेना में भालू और वानर जैसे साधारण जीव थे, लेकिन रामत्व के प्रभाव से उनमें लोक कल्याण और मानवता की भावना जागृत हुई। मंदिर समिति के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

### महिला अधिवक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रांत जिला बरेली की महिला अधिवक्ता सदस्यों ने बुधवार को कचहरी स्थित एक होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य वक्ता बिंदु इशिका सिंघानिया ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप्ति सक्सेना एडवोकेट और संचालन पूनम चंद्र एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में अर्पिता सक्सेना, रंजना सागर, सुषमा शास्त्री, अंजू गिरी, हरमन कौर चड्ढा, कविता सक्सेना आदि अधिवक्ता उपस्थित रहीं। संयोजिका गीता कश्यप एडवोकेट ने आभार जताया।



### महिलाएं हर क्षेत्र में प्रतिभा और क्षमता का कर रहीं प्रदर्शन



**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एसएसवी पब्लिक स्कूल में आयोजित साप्ताहिक समारोह शक्ति स्वरूपा नारी उत्सव का बुधवार को समापन हो गया। विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं, शिक्षिकाओं व महिला अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रहीं हैं। समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सिनेमा में लघु फिल्म 'बंदर का पंजा' का प्रीमियर आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों पर करारा प्रहार करने वाली 56 मिनट की लघु फिल्म बंदर का पंजा का प्रीमियर रविवार को शहर के नटराज सिनेमा में आयोजित किया गया। फिल्म का उद्देश्य समाज में फैले अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता फैलाना और लोगों को तर्कसंगत सोच अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शांति विहार निवासी फिल्म के प्रोड्यूसर नयनदीप सिंह की निर्मित इस फिल्म को प्रीमियर के दौरान दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म में पुराना बस अड्डा, बरेली कॉलेज का मुख्य द्वार, नगर निगम मंडी, शांति विहार और रामगंगा नगर आवासीय योजना जैसे स्थानों की झलक देखने को मिलती है। प्रोड्यूसर नयनदीप सिंह 12 वर्षों से रंगमंच से जुड़े हैं। ब्लैक पर्ल आर्ट्स थिएटर ग्रुप के सक्रिय सदस्य हैं। कहानी अर्जुन सिंह और आर्यांश बिष्ट ने लिखी है। फिल्म में बरेली के कलाकार नयनदीप सिंह, अमनदीप सिंह, अमूल्य सागर, प्रेम पट्याल, संगीता बाली, जेपी अवना, संजू और विवेक ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म को जल्द ही राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भी भेजने की तैयारी की जा रही है।




### सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वयंसेवकों की ओर से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति सचेत किया। रैली सिकलापुर और खुर्रम गोटिया तक पहुंची, जहां स्वयंसेवकों ने स्थानीय निवासियों से संवाद कर उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों और यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जागरूक किया। डॉ. यशार्थ गौतम, डॉ. बृजवास कुशवाहा और स्वयंसेवकों में पंकज, शौकत, अंशु, वेद प्रकाश, तरुण, समीर, रत्नेश, आलोक, कमल, आशुतोष, आदर्श, अंकित, आसिफ आदि उपस्थित रहे।



## लक्ष्मण को लगी शक्ति, कुंभकर्ण वध का मंचन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में आयोजित ऐतिहासिक 166वीं रामलीला में युद्ध प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि जब अंगद की ओर से समझाने और बल प्रदर्शन के बावजूद रावण नहीं माना तो युद्ध की घोषणा हो गई। अगले ही दिन वानर सेना ने लंका के दुर्गम किले को चारों ओर से घेर लिया, जिससे पूरे नगर में कोलाहल मच गया।

युद्ध के दौरान मेघनाद ने रणभूमि में उतरकर वानर सेना पर भीषण प्रहार किए। तब लक्ष्मण ने अंगद सहित वानर योद्धाओं के साथ युद्ध का मोर्चा संभाला। भीषण युद्ध के बीच मेघनाद ने वीरघातिनी शक्ति चलाई, जो लक्ष्मण जी की छाती में लगने से वे मूर्छित हो गए। इसके बाद हनुमान लंका से वैद्य सुषेण को उनके घर सहित उठा लाए और संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी का उपचार कराया, जिससे वे पुनः स्वस्थ हो उठे। इसके बाद रावण ने अपने भाई कुंभकर्ण को जगाकर युद्धभूमि में भेजा, जिसने वानर सेना को तितर-बितर कर दिया। भगवान राम ने तीक्ष्ण बाणों से कुंभकर्ण का वध कर दिया। रामलीला के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि गुरुवार को मेघनाद वध और सती सुलोचना प्रसंग का मंचन होगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा, नीरज रस्तोगी, अखिलेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंकज मिश्रा, सचिन श्याम भारतीय, लवलीन कपूर, अमित वर्मा आदि का सहयोग रहा।

● श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित रामलीला में आज होगा मेघनाद वध का मंचन

### राम कथा में भरत प्रेम का भावपूर्ण वर्णन



**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में श्री गणेश उत्सव समिति तथा श्री गणेश सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री राम कथा में बुधवार को कथा व्यास आशुतोष दास ने भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भरत के श्रीराम के प्रति अद्वितीय प्रेम और समर्पण का उल्लेख करते हुए बताया कि जब भरत श्रृंगवेरपुर पहुंचे और उनकी भेंट निषादराज से हुई, तब उन्हें निषादराज में ही लक्ष्मण का दर्शन हुआ। उन्होंने उस घाट को भी प्रणाम किया, जहां भगवान श्री राम ने गंगा स्नान किया था। कथा व्यास ने बताया कि जिस कुश की शैया पर सीता और श्रीराम ने रात्रि विश्राम किया था, वहां जानकी के आभूषणों से गिरे स्वर्ण कण देखकर भरत भावविभोर हो गए और उन्हें मस्तक पर धारण कर लिया। उन्होंने कहा कि भरत का मन, मति और गति पूरी तरह श्री सीताराम के प्रेम में डूबी हुई थी। कैलाश चंद शर्मा, अतुल गोयल, श्याम जी शर्मा, शंकर शर्मा, अनुराग शर्मा, गौरांग खन्ना, अश्विन अग्रवाल, महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।